(विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान से सम्बद्ध)

# सरस्वती विद्या प्रतिष्ठान, मध्यप्रदेश

प्रान्तीय कार्यालयः 'प्रज्ञादीप' हर्षवर्धन नगर, भोपाल-४६२००३

पंजीयन क्र.-17195

**दूरभाषः** (0755) 2761225, **ई-मेलः** ***vidyabhartibpl@gmail.com,***

***www.vidyabhartimp.org*** ***Date: 7-10-1986***

**पत्र क्रमांक : 886/2020** **दिनांक-05/03/2020**

## आचार्य सामान्य प्रशिक्षण वर्ग-2020

## (दिनांक 03 मई सायं 6.00 बजे से 19 मई 2020 प्रातः तक)

### स्थानः- सरस्वती विद्या मंदिर अशोकनगर

**प्रति,**

**श्रीमान व्यवस्थापक/प्राचार्य/प्रधानाचार्य महोदय,**
**समस्त सरस्वती शिशु/विद्या मंदिर..............**
**मध्यभारत प्रांत।**

**विषयः-** **आचार्य सामान्य प्रशिक्षण वर्ग 2020 आयोजन के संदर्भ में।**

**बन्धुवर,**

**सप्रेम नमस्कार।**

अत्र कुशलम् तत्रास्तु! विद्याभारती मध्यभारत प्रांत की योजनानुसार हम सभी नवीन शिक्षा सत्र की विविध व्यवस्थाओं एवं प्रवेश योजना में व्यस्त होंगे। आचार्यों की शैक्षिक गुणवत्ता वृद्धि की दृष्टि से प्रतिवर्ष दीर्घावधि के प्रशिक्षण वर्ग सम्पन्न होते हैं। श्रेष्ठ विद्यार्थी निर्माण हमारा ध्येय है इस हेतु वर्ष 2020 का **''आचार्य सामान्य प्रशिक्षण'' वर्ग दिनांक 03 मई सायं 6.00 बजे से 19 मई 2020 प्रातः तक सरस्वती विद्या मंदिर, सरस्वतीपुरम् (पठार) अशोकनगर** में आयोजित किया गया है।

इस 15 दिवसीय वर्ग में ऐसे सभी नियमित/परीक्षण कालीन आचार्य अपेक्षित हैं जिन्होंने आचार्य विकास वर्ग (7 दिवसीय) कर 2 वर्ष का कार्यकाल पूर्ण कर लिया है। इस वर्ग के उपरान्त 3-5 वर्ष बाद 10 दिवसीय आचार्य दक्षता वर्ग करने के बाद ही प्रशिक्षण पूर्ण माना जायेगा। अतः अपने विद्यालय से अपेक्षित एवं पात्र आचार्य/दीदी को इस वर्ग में अनिवार्यतः भेजें। पत्र का भलीभांति अध्ययन कर प्रशिक्षार्थी की पूर्ण तैयारी कर कार्यमुक्ति पत्र एवं शुल्क विवरण के साथ वर्ग में सम्मिलित करायेंगे ऐसा आग्रह है।

**वर्ग सम्बन्धी सूचनाएँः-**

1. प्रशिक्षण वर्ग का शुल्क 3000/- रू. प्रति प्रशिक्षार्थी निर्धारित है। प्रान्त द्वारा निर्धारित प्रारूप में संलग्न आवेदन पत्र शुल्क चेक अथवा डी.डी. **''सरस्वती विद्या प्रतिष्ठान''** के नाम बनाकर दिनांक 31 मार्च 2020 तक अनिवार्यतः प्रान्त को पहुँच जाना चाहिए।
2. वर्ग स्थल पर शिक्षार्थी द्वारा कार्यमुक्ति पत्र एवं स्वास्थ्य प्रमाण पत्र अनिवार्यतः साथ लेकर आना है।
3. वर्ग स्थल पर 03 मई 2020 को सायं 6.00 बजे तक अनिवार्यतः पहुँचना है।
4. वर्ग के मध्य किसी भी प्रकार के अवकाश की पात्रता नहीं होगी।
5. वर्ग में निर्धारित आचार्यवेश एवं शारीरिक वेश अपने स्थान से पूर्ण कर आवें। इसकी व्यवस्था वर्ग स्थल पर नहीं की जायेगी।

E:\P-Grishamkalin\Acharya.2019

**आचार्य वेश-** सफेद धोती, सफेद प्लेन कुर्ता (पुरुष) दीदी - प्रांत द्वारा निर्धारित साड़ी ब्लाउज़। पुरुष आचार्य दोपहर भोजन सत्र के पश्चात् सम्पूर्ण समय सफेद कुर्ता, पजामा में रहेंगे तथा दीदियां निर्धारित वेश साड़ी ब्लाउज़ में ही रहेंगे।

**शारीरिक वेश-** पुरुष- प्लेन बिना डिजाईन वाला नेव्ही ब्लू रंग का लोवर, सफेद कॉलर वाली प्लेन टी शर्ट, सफेद प्लेन स्पोर्ट जूते, सफेद मोजे।

महिला- सफेद सलवार सूट, केसरिया दुपट्टा, सफेद प्लेन स्पोर्ट जूते, सफेद मोजे।

6. दैनिक उपयोग हेतु सामग्री, शुभ्रवेश एवं सामान्य वेश तथा भोजन पात्र (थाली, दो कटोरी, ग्लास, चम्मच) लेकर आवें।
7. मौसम अनुरुप (दरी, चादर) ओढ़ने बिछाने की सामग्री लेकर आवें।
8. महिला आचार्यों को अपने साथ छोटे बच्चों को लाने की अनुमति नही है।
9. **प्रशिक्षार्थी आचार्य शारीरिक वेश की पूर्ति अपने स्थान से ही करके आवें। वर्ग स्थल पर कोई सुविधा नहीं होगी। प्राचार्य बन्धु विशेष रूप से इसकी पूर्ति पर गम्भीरतापूर्वक ध्यान दें।**
10. अधिक मूल्यवान वस्तु एवं नगद धनराशि (आवश्यकता से अधिक) साथ न लावें।
11. प्रातः योगासन में पुरूष आचार्यों को रंगीन लोवर टी शर्ट एवं दीदियों के लिए रंगीन सलवार कुर्ता रहेगा।
12. दोपहर भोजन के पश्चात् एवं संघ स्थान के पूर्व पुरुष आचार्यों को सफेद कुर्ता, पजामा एवं दीदियों को गणवेश की साड़ी में रहना है।
13. सायं संघ स्थान के पश्चात् एवं रात्रि विश्राम के पूर्व शुभ्रवेश (रंगीन) अर्थात् पुरुष आचार्यों को कुर्ता-पजामा एवं दीदियों को साड़ी में रहना है।

**प्रतिभागी की पूर्व तैयारी-दिशा निर्देश-**

1. वर्ग के प्रारम्भ में पूर्व परीक्षण एवं समाप्ति पर पश्च परीक्षण होगा यह परीक्षा नहीं मूल्यांकन का भाग है।
2. अपने अध्यापित विषय की पाठ्य पुस्तक एवं दो पाठ्योजनाएं, सहायक सामग्री, एक प्रोजेक्ट कार्य तैयार कर साथ लावें।
3. कार्यशाला क्रियाकलाप हेतु अधिगम सामग्री (T.L.M.) निर्माण किट अवश्य साथ लायें।
   T.L.M. किट- (कैंची, कटर, ब्लैड, स्केल, पैंसिल, रबर, गोंद, रंगीन स्कैच पैन पैकेट एवं ज्यामिति बाक्स)
4. वर्गावधि में लेखन कार्य हेतु 200 पेज के दो रजिस्टर एवं लेखन सामग्री साथ लायें।
5. निम्न साहित्य स्वाध्याय हेतु साथ लायें-
   1. सरस्वती शिशु मंदिर योजना एक परिचय - राणा प्रताप सिंह
   2. अभिनव पंचपदी शिक्षण पद्धति - लज्जाराम तोमर
   3. हमारा लक्ष्य - दीनानाथ बत्रा
   4. हमारी वन्दना - विद्याभारती प्रकाशन

- **विशेष अभिरुचि के विषय-** संगीत, चित्रकला, योग, शारीरिक, क्रीड़ा, घोष आदि की पूर्ण तैयारी करके आयें।

**सम्पर्क सूत्र-**

**श्री मुकुटबिहारी शर्मा (प्राचार्य)**
सरस्वती विद्या मंदिर, सरस्वतीपुरम् (पठार) अशोकनगर
मो.- 9340108059
**E-mail-** mbsharma97@rediffmail.com

**(मोहनलाल गुप्ता)**
प्रादेशिक सचिव

E:\P-Grishamkalin\Acharya.2019

# सरस्वती विद्या प्रतिष्ठान, मध्यप्रदेश, भोपाल

## आचार्य सामान्य प्रशिक्षण वर्ग-आवेदन पत्र

**सत्र - 2019-20**

फोटो

1. नाम :- .................... दूरवाणी (मोबाईल) ...........................
   :- E-mail ID.......................................................
2. पिता/पति का नाम :- ..........................................................
3. जन्म तिथि :- ..........................................................
4. विद्यालय का नाम(पदस्थ) :- ..........................................................
5. योग्यता विवरण :-

| क्रमांक | योग्यता | विषय | प्रतिशत | वर्ष |
|---|---|---|---|---|
| 01 | हाईस्कूल | | | |
| 02 | हायरसेकेण्डरी | | | |
| 03 | स्नातक | | | |
| 04 | स्नात्कोत्तर | | | |
| 05 | प्रशिक्षण (बी.एड./डी.एड.) | | | |
| 06 | अन्य योग्यता | | | |

6. आचार्य पद पर प्रथम नियुक्ति दिनांक :- ................................ सेवाकाल (वर्ष में) ..........
7. विद्यालय में अतिरिक्त प्रभार :- ..........................................................
8. अध्यापन का विभाग (√) संकेत करें :- ..........................................................
   प्राथमिक ☐ माध्यमिक ☐ उच्च/उच्चतर माध्यमिक ☐
9. आप वर्ग में किस विषय का अध्ययन-अध्यापन करेगें। किसी एक विषय पर (√) संकेत करे :-
   1. हिन्दी ☐ 2. अंग्रेजी ☐ 3. संस्कृत ☐ 4. पर्यावरण ☐
   5. गणित ☐ 6. विज्ञान ☐ 7. सामाजिक विज्ञान ☐
10. विशेष अभिरुचि का विषय (√) संकेत करे :-
    1. साहित्य ☐ 2. संगीत ☐ 3. चित्रकला ☐ 4. योग ☐
    5. शारीरिक ☐ 6. क्रीड़ा ☐ 7. अन्य कोई ☐
11. संघ शिक्षा वर्ग / राष्ट्र सेविका समिति वर्ग का स्थान ............................ वर्ष ................
12. आचार्य विकास वर्ग का स्थान ................................................ वर्ष ................
13. शुल्क विवरण :- राशि ........................ड्राफ्ट क्रमांक ...................दिनांक .............
    बैक का नाम ..........................................................

**आलोकः**- आवेदन पत्र के साथ आचार्य विकास वर्ग के प्रमाण पत्र की छायाप्रति संलग्न करें।

अग्रेषणकर्ता के हस्ताक्षर
(पदमुद्रा सहित)

प्रशिक्षार्थी के हस्ताक्षर